Literacy for a Billion

Movie: Ek Mahal Ho Sapno Ka
Year: 1975

Song: Dil Mein Kisike Pyar Ka
Lyricist: Sahir Ludhianvi

दिल में किसीके प्यार का
जलता हुआ दीया
दुनिया की आँधियों से भला
ये बुझेगा क्या

दिल में किसीके प्यार का
जलता हुआ दीया
दुनिया की आँधियों से भला
ये बुझेगा क्या

साँसों की आँच पाके
भड़कता रहेगा ये
साँसों की आँच पाके
भड़कता रहेगा ये

सीने में दिल के साथ
धड़कता रहेगा ये
धड़कता रहेगा ये
वो नक्श क्या हुआ
जो मिटाए से मिट गया
वो दर्द क्या हुआ
जो दबाए से दब गया

दिल में किसीके प्यार का
जलता हुआ दीया
दुनिया की आँधियों से भला
ये बुझेगा क्या

ये ज़िन्दगी भी क्या है
अमानत उन्हीं की है
ये ज़िन्दगी भी क्या है
अमानत उन्हीं की है
ये शायरी भी क्या है
इनायत उन्हीं की है
इनायत उन्हीं की है

अब वो करम करे कि सितम
उनका फैसला
हमने तो दिल में प्यार का
शोला जगा लिया

दिल में किसीके प्यार का
जलता हुआ दीया
दुनिया की आँधियों से भला
ये बुझेगा क्या

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.